'विडरश स्कीम'

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 'विडरश स्कीम' के तहत सैकड़ों भारतीयों की ब्रिटेन के नागरिक होने की पुष्टि की गई है। इसे पिछले साल ‘Windrush Scandal’ के मद्देनज़र स्थापित किया गया था।

क्या है Windrush Scandal?

- ब्रिटेन में रहने वाले राष्ट्रमंडल के सैकड़ों लोग, जो 1971 से पहले ब्रिटिश जहाज़ एम्पायर ‘Windrush’ से ब्रिटेन आ गए थे तथा स्थायी रूप से यू.के. में रहने और काम करने के हकदार थे, को गलत तरीके से अवैध अप्रवासी माना जा रहा था। इसे ही 'विडरश कांड' (Windrush Scandal) के रूप में जाना जाता है।

//

- एक राष्ट्रमंडल नागरिक (Commonwealth Citizen) राष्ट्रमंडल के सदस्य राज्य का नागरिक होता है। राष्ट्रमंडल नागरिकों को यूनाइटेड किंगडम में कुछ विशेषाधिकार प्राप्त हो सकते हैं।

क्या है Windrush scheme?

- ‘विडरश योजना’ (Windrush Scheme) ऐसे ही अप्रवासी (Immigrants) को सहायता प्रदान करने के लिये ब्रिटिश सरकार द्वारा उठाया गया कदम है।
- इस योजना के अंतर्गत एक अलग टास्कफोर्स का गठन किया गया है, जो Windrush Scheme के तहत आवेदन करने वाले अप्रवासी की मदद करेंगी।
- विडरश स्कीम के तहत आवेदन यू.के. में रहने वाले आवेदकों के लिये ‘GOV.UK’ पर - “Windrush Scheme application (UK)” तथा यू.के. के

बाहर रहने वाले आवेदकों के लिए” Windrush Scheme application (Overseas)” पर किया जा सकता है।

स्रोत : THE HINDU, THE TIMES OF INDIA, GOV.UK

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/windrush-scheme